Comb. SO/Steno (Gr.B/Gr.I) LDCE G-VII/24 2016-17

***जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें***

**टी. बी. सी. : NHYU-B-TKI**

**परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम**

क्रम संख्या 1000133

# A

# परीक्षण पुस्तिका

## प्रश्न-पत्र II

## (कोटि III एवं VII के लिए)

***समय : दो घण्टे*** ***पूर्णांक : 150***

### अनुदेश

1. **परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश, आदि न हो । यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लें ।**
2. **कृपया ध्यान रखें कि OMR उत्तर-पत्रक में, उचित स्थान पर, रोल नम्बर और परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम A, B, C या D को, ध्यान से एवं बिना किसी चूक या विसंगति के भरने और कूटबद्ध करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की है । किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जाएगा ।**
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है । परीक्षण पुस्तिका पर ***और कुछ न*** लिखें ।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **120** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं । प्रत्येक प्रश्नांश **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपा है । प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं । इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं । यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे । प्रत्येक प्रश्नांश के लिए ***केवल एक ही*** प्रत्युत्तर चुनना है ।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर ***ही*** अंकित करने हैं । उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखें ।
6. ***सभी*** प्रश्नांशों के अंक समान हैं ।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं ।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर *केवल उत्तर-पत्रक* अधीक्षक को सौंप दें । आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है ।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अंत में संलग्न हैं ।
10. **ग़लत उत्तरों के लिए दंड :**

    **वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए ग़लत उत्तरों के लिए दंड दिया जाएगा ।**

    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं । उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक ग़लत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दंड के रूप में काटा जाएगा ।

    (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **ग़लत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही, उसी तरह का दंड दिया जाएगा ।

    (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दंड नहीं** दिया जाएगा ।

***जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें***

***Note :*** English version of the instructions is printed on the back cover of this Booklet.

1. भारत में बनी पहली रेलवे के निर्माण और संचालन का कार्य किसके द्वारा किया गया था ?

(a) प्राइवेट स्टर्लिंग कम्पनियों द्वारा, जिन्हें नियत (फिक्स्ड) विनिमय दर और उनके द्वारा निवेश की गई पूँजी पर विनिर्दिष्ट प्रतिलाभ की गारंटी दी गई थी ।

(b) ईस्ट इंडिया कम्पनी द्वारा, जिसे नियत विनिमय दर और उसके द्वारा निवेश की गई पूँजी पर विनिर्दिष्ट प्रतिलाभ की गारंटी दी गई थी ।

(c) सार्वजनिक स्टर्लिंग कम्पनियों द्वारा, जिन्हें अनियत (फ्लोटिंग) विनिमय दर और उनके द्वारा निवेश की गई पूँजी पर विनिर्दिष्ट प्रतिलाभ की गारंटी दी गई थी ।

(d) ईस्ट इंडिया कम्पनी द्वारा, जिसे अनियत विनिमय दर और उसके द्वारा निवेश की गई पूँजी पर विनिर्दिष्ट प्रतिलाभ की गारंटी दी गई थी ।

2. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
कुछ कम्पनी-रेलवे को खरीदने के बाद उन्हें सरकारी प्रबंधन को अंतरित कर दिया गया । क्रय की गई कुछ अन्य लाइनों का प्रबंधन, हालाँकि, संविदा के अंतर्गत गठित कार्यशील कम्पनियों को सौंपा गया, जिसने सामान्यत: सरकार और कार्यशील कम्पनियों के मध्य संबंधों को निर्धारित किया ।

1. कम्पनियों द्वारा निर्मित लाइनें राज्य की संपत्ति थी ।
2. कम्पनी द्वारा संपूर्ण व्यय का विवरण तैयार कर स्वीकृति के लिए राज्य के सचिव (सेक्रेटरी ऑफ स्टेट) को प्रस्तुत करना होता था ।
3. लाइन से संबंधित सभी अन्य मामलों में, कम्पनी को राज्य के सचिव के पर्यवेक्षण और नियंत्रण के अधीन रखा जाता था ।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

3. ऐसी कम्पनियों के साथ की गई संविदाओं की मुख्य विशेषताओं पर विचार कीजिए, जिनके स्वामित्व में रेलवे हैं और जिनका प्रशासनिक नियंत्रण सरकार के पास है :

1. सभी संविदाएँ विनिर्दिष्ट तिथियों पर या कतिपय अन्य परिस्थितियों में सरकार की इच्छा (ऑप्सन) पर विचारणीय हैं ।
2. कम्पनी के पूँजीगत व्यय के लिए सभी प्रस्ताव सरकार के अनुमोदन के अधीन हैं ।
3. सभी रेलवे कम्पनियों के मामले में, जिनमें सरकार का वित्तीय हित निहित है, संविदा के अंतर्गत सरकार को कम्पनी बोर्ड में सरकारी निदेशक नियुक्त करने का हक होगा, जिसके पास बोर्ड की सभी कार्यवाहियों में वीटो (निषेधाधिकार) का अधिकार होगा ।

उपर्युक्त में से कौन-सी विशेषताएँ सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

4. भारत के संविधान के अधीन, रेलवे के संबंध में विधायी शक्तियाँ अनन्य रूप से किसमें निहित हैं ?

(a) भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची की सूची I की प्रविष्टि 21, 31 और 88 के साथ पठित अनुच्छेद 245 के अनुसार संसद में ।

(b) भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची की सूची I की प्रविष्टि 22, 30 और 89 के साथ पठित अनुच्छेद 246 के अनुसार संसद में ।

(c) भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची की सूची I की प्रविष्टि 22, 30 और 88 के साथ पठित अनुच्छेद 245 के अनुसार संसद में ।

(d) भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची की सूची I की प्रविष्टि 21, 31 और 89 के साथ पठित अनुच्छेद 246 के अनुसार संसद में ।

1. The first Railways built in India were constructed and worked by

(a) Private Sterling companies who were guaranteed a fixed rate of exchange and specified return on the capital invested by them.

(b) East India Company who was guaranteed a fixed rate of exchange and a specified return on the capital invested by the company.

(c) Public Sterling companies who were guaranteed a floating rate of exchange and a specified return on the capital invested by them.

(d) East India Company who was guaranteed a floating rate of exchange and a specified return on the capital invested by the company.

2. Consider the following statements :

Some of the Company Railways were transferred to Government management after purchase. The management of some of the other purchased lines was, however, entrusted to working companies constituted under contracts which determined the relationship between the Government and the working companies generally.

1. The lines worked by the companies were the property of the State.
2. All expenditure by the company had to be stated and submitted for the sanction of the Secretary of State
3. In all other matters relating to the line, the company was made subject to the supervision and control of the Secretary of State.

Which of the above statements are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

3. Consider the main features of the contracts with companies which own the Railways of which the administrative control is with the Government :

1. All contracts are considerable at the option of the Government at specified dates or in certain other circumstances.
2. All proposals for capital expenditure of the company are subject to Government's approval.
3. In the case of all Railway companies in which Government has financial interest, the contract entitles the Government to appoint a Government Director on the Boards of the companies, with a power of veto on all proceedings of the Boards.

Which of the above features are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

4. Under the Constitution of India, the legislative power with respect to Railways vests exclusively

(a) in the Parliament in terms of Article 245 read with Entries 21, 31 and 88 of List I of the Seventh Schedule to the Constitution of India.

(b) in the Parliament in terms of Article 246 read with Entries 22, 30 and 89 of List I of the Seventh Schedule to the Constitution of India.

(c) in the Parliament in terms of Article 245 read with Entries 22, 30 and 88 of List I of the Seventh Schedule to the Constitution of India.

(d) in the Parliament in terms of Article 246 read with Entries 21, 31 and 89 of List I of the Seventh Schedule to the Constitution of India.

5. रेलवे के वित्त आयुक्त के लिए निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. रेलवे राजस्व को प्रभावित करने वाले व्यय से संबंधित किसी प्रस्ताव को उसकी पूर्व सहमति के बिना स्वीकृति नहीं दी जा सकती है ।
2. किसी प्रस्ताव में वित्तीय मामलों के अतिरिक्त, तकनीकी विषय(यों) का अनुमोदन और संवीक्षा करने की शक्ति उसमें निहित है ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

6. रेल संरक्षा आयोग (कमीशन ऑफ रेलवे सेफ्टी) का निम्नलिखित में से कौन-सा मुख्य कार्य ***नहीं*** है ?

(a) माल परिवहन के लिए प्राधिकृत करने से पहले नई रेलवे लाइनों का निरीक्षण करना
(b) खुली लाइनों का आवधिक निरीक्षण करना
(c) ऐसे नए कार्यों और नवीकरण कार्यों का अनुमोदन करना, जिनसे यात्री परिवहन लाइनें प्रभावित होती हैं
(d) दुर्घटनाओं का अन्वेषण, जिसमें ऐसी रेल दुर्घटनाओं की जाँच भी शामिल हैं, जिन्हें गंभीर स्वरूप का समझा जाता है

7. राष्ट्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री परिषद के सदस्य कितनी अवधि के लिए पद धारण करते हैं ?

(a) अधिकतम पाँच वर्ष
(b) अधिकतम चार वर्ष
(c) अधिकतम तीन वर्ष
(d) अधिकतम दो वर्ष

8. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

भारत सरकार के विनियोजन लेखा और उस पर नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट की संवीक्षा करने में, समिति को स्वयं इस बात से संतुष्ट होना होता है कि :

1. लेखे में संवितरित दर्शाई गई धनराशि उस सेवा और प्रयोजन के लिए वैध रूप से उपलब्ध और प्रयोजनीय थी, जिनके लिए उन्हें उपयोग या प्रभारित किया गया था ।
2. यह व्यय इसे नियंत्रित करने वाले प्राधिकार के अनुरूप है ।
3. प्रत्येक पुनर्विनियोजन सक्षम प्राधिकारी द्वारा बनाए गए नियमों के अधीन इस संबंध में बनाए गए उपबंधों के अनुसार किया गया ।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

9. अत्यावश्यक सार्वजनिक महत्त्व के सुनिश्चित मामले पर सदन में चर्चा की माँग कैसे की जा सकती है ?

(a) जनता द्वारा स्थगन प्रस्ताव या ध्यानाकर्षण नोटिस के माध्यम से
(b) किसी सदस्य द्वारा स्थगन प्रस्ताव या ध्यानाकर्षण नोटिस के माध्यम से
(c) जनता द्वारा सरकार को सूचित करते हुए न्यायालय की नोटिस के माध्यम से
(d) किसी सदस्य द्वारा सरकार को सूचित करते हुए न्यायालय की नोटिस के माध्यम से

5. Consider the following statements for Financial Commissioner for Railways :

1. No proposals involving expenditure affecting Railway Revenues can be sanctioned without his prior concurrence.
2. He is vested with powers to approve and scrutinize the technical subject(s) apart from financial matters in any proposal.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

6. Which one of the following is ***not*** a principal function of the Commission of Railway Safety ?

(a) Inspection of new Railway Lines prior to authorization for goods transportation
(b) Periodical Inspection of Open Lines
(c) Approval of new works and renewals affecting passenger carrying lines
(d) Investigations into accidents, including inquiries into such accidents to trains as are considered to be of a serious nature

7. The members of the National Railway Users Consultative Council held office for a period not exceeding

(a) five years
(b) four years
(c) three years
(d) two years

8. Consider the following statements :

In scrutinizing the appropriation accounts of the Government of India and the report of the Comptroller and Auditor-General thereon, the Committee is required to satisfy itself :

1. that the moneys shown in the accounts as having been disbursed were legally available for and applicable to the service or purpose to which they have been applied or charged.
2. that the expenditure conforms to the authority which governs it.
3. that every re-appropriation had been made in accordance with the provisions made in this behalf under rules framed by competent authority.

Which of the above statements are correct?

(a) 1 and 2 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

9. Discussion on a definite matter of urgent public importance may be sought in Parliament by

(a) a public through an adjournment motion or a calling attention notice
(b) a member through an adjournment motion or a calling attention notice
(c) a public through court notice with reference to Government
(d) a member through court notice with reference to Government

**10.** रेल सेवा समूह 'क' (ग्रुप 'ए') के लिए भर्ती के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं ?

1. भर्ती संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से की जाती हैं ।
2. भर्ती इस सेवा या विभाग के स्थानापन्न समूह 'ग' (ग्रुप 'सी') अधिकारियों सहित विशेष रूप से अर्हता प्राप्त समूह 'ग' अधिकारियों की पदोन्नति से की जाती है ।
3. संघ लोक सेवा आयोग की सिफारिश पर अन्य अर्हता प्राप्त व्यक्तियों का यदाकदा प्रवेश ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

**11.** प्रशिक्षण संस्थानों में सभी श्रेणियों के कर्मचारियों के लिए संचालित पाठ्यक्रमों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही *नहीं* है ?

(a) नए भर्ती हुए कार्मिकों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आरंभिक या प्रवेश (इंडक्शन) प्रशिक्षण
(b) ऐसे कर्मचारियों के लिए पदोन्नति पाठ्यक्रम जिन्हें उच्च उत्तरदायित्व सहित भिन्न प्रकृति के कार्य करने होते हैं
(c) कर्मचारियों की अपने विषय के संबंध में जानकारी अद्यतन करने और उन्हें उनके कर्तव्यों और उत्तरदायित्वों के संबंध में नवोन्मुखता (फ्रेश ओरिएंटेशन) प्रदान करने के लिए पुनश्चर्या पाठ्यक्रम (रिफ्रेशर कोर्स)
(d) ऐसे कर्मचारियों के लिए पदोन्नति पाठ्यक्रम जिन्हें ग़ैर-इंजीनियरी से इंजीनियरी कार्यों का कर्तव्य निष्पादित करने होते हैं

**12.** 1924 के पृथक्करण कन्वेंशन (सेपरेशन कन्वेंशन ऑफ 1924) की मुख्य विशेषताओं के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही *नहीं* है ?

(a) वार्षिक रेल अंशदान
(b) रेल आरक्षित निधि
(c) अस्थायी उधार
(d) रणनीतिक (स्ट्रेटेजिक) लाइनों के कारण लाभ

**13.** संसद के दोनों सदनों में परिमाणी बजट 2005 – 2006 कब प्रस्तुत किया गया था ?

(a) 25 फरवरी, 2005
(b) 26 फरवरी, 2005
(c) 25 अगस्त, 2005
(d) 26 अगस्त, 2005

**14.** निम्नलिखित में से कौन-सा निष्पादन बजट का कार्यक्षेत्र और उद्देश्य *नहीं* है ?

(a) यह निष्पादन मूल्यांकन के लिखत (इंस्ट्रूमेंट) के रूप में काम करता है ।
(b) यह वास्तविक और वित्तीय लक्ष्य और उपलब्धियाँ प्रदान करता है ।
(c) यह बजट के अभिन्न भाग के रूप में अनुमानित इनपुट और वांछित आउटपुट के बीच संबंध प्रस्तुत करता है ।
(d) इसे प्रत्येक तिमाही में मंत्रालय या विभाग-वार तैयार किया जाता है ।

**15.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

रेलवे कन्वेंशन समिति की अंतरिम रिपोर्ट में दी गई प्रमुख सिफारिशें जो पाँचवीं योजना अवधि के पहले तीन वर्ष की अवधि यथा, 1974 – 77 के लिए प्रभावी थीं :

1. रेलवे में निवेश की गई पूंजी पर ब्याज प्रभार के बदले वार्षिक रूप से परिकलित नियत लाभांश तथा सामान्य राजस्व में अंशदान के छोटे हिस्से के भुगतान की वर्तमान विधि, वित्तीय अनुशासन के हित में जारी रहेगी ।
2. समिति को मूल्यह्रास आरक्षित निधि में अंशदान पर कोई आपत्ति नहीं है, जिसे पाँचवीं योजना के प्रत्येक प्रथम दो वर्षों के दौरान ₹ 175 करोड़ से बढ़ाकर 1976 – 77 में ₹ 235 करोड़ किया गया ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

10. Which of the following statements are correct regarding the Recruitment to Railways Services Group 'A' ?

1. It is made through competitive examination held by the Union Public Service Commission.
2. It is made through promotion of specially qualified Group 'C' officers including officiating Group 'C' officers of the service or department.
3. Occasional admission of other qualified persons on the recommendation of the Union Public Service Commission.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only
(b) 1 and 3 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

11. Which one of the following is ***not*** correct regarding the courses conducted at the training institutions to all categories of staff ?

(a) Initial or induction training to meet the needs of new recruits
(b) Promotion courses for employees who have to undertake duties of a different nature with higher responsibility
(c) Refresher courses to keep the employees abreast of the latest developments in their own subjects and to give them a fresh orientation with regard to their duties and responsibilities
(d) Promotion courses for employees who have to undertake duties from non-engineering to engineering works

12. Which one of the following in ***not*** correct regarding the main features of the Separation Convention of 1924 ?

(a) Annual Railway Contribution
(b) Railway Reserve Fund
(c) Temporary Borrowing
(d) Profit due to Strategic Lines

13. Outcome Budget 2005 – 06 was presented to both houses of the Parliament on :

(a) $25^{th}$ February 2005
(b) $26^{th}$ February 2005
(c) $25^{th}$ August 2005
(d) $26^{th}$ August 2005

14. Which one of the following is ***not*** the scope and objective of performance budget ?

(a) It acts as an instrument of performance evaluation.
(b) It gives physical and financial target and achievement.
(c) It brings relationship between estimated input and expected output as integral part of the budget.
(d) This is prepared by the Ministry or Department-wise every quarter.

15. Consider the following statements :

The principal recommendations of the Railway Convention Committee gave their Interim reports, which were effective for the period 1974 – 77, viz., the first three years of the Fifth Plan period :

1. The present mode of payment of a fixed dividend on the capital invested in the Railways as computed annually in lieu of the interest charges plus a small element of contribution to General Revenues, may continue in the interest of financial discipline.
2. The Committee have no objection to the contribution to the Depreciation Reserve Fund being raised at ₹ 235 crores in 1976 – 77 as against ₹ 175 crores during each of the first two years of the Fifth Plan.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

**16.** अग्रिम और बकाया राशि के दावों के लिए, तीन या तीन से अधिक वर्षों की निरंतर सेवा वाले अस्थायी रेलवे सेवकों को किस रूप में माना जाएगा ?

(a) स्थायी कर्मचारी

(b) महँगाई भत्ता, मकान किराया भत्ता रहित परिवीक्षाधीन कर्मचारी

(c) वार्षिक वेतन वृद्धि रहित स्थायी कर्मचारी

(d) वार्षिक वेतन वृद्धि रहित परिवीक्षाधीन कर्मचारी

**17.** रेल सेवक का विदेश में स्थानांतरण होने और/या विदेश सेवा (फॉरेन सर्विस) में प्रतिनियुक्ति पर जाने पर, उसे दिए जाने वाले वेतन और/या यात्रा भत्ता अग्रिम पर लागू होने वाले पृथक नियम किसमें दिए गए हैं ?

(a) भारतीय रेल वित्तीय नियम

(b) भारतीय रेल स्थापना नियम पुस्तक

(c) भारतीय रेल प्रशासन नियम

(d) भारतीय रेल सेवा (आचरण) नियम

**18.** ज़ब किसी पद से उन्नयन (अपग्रेडिंग) पर लेखा आपत्ति की जाती है, तो संबंधित कर्मचारियों के वेतन को

(a) जारी रखा जाना चाहिए और लेखा आपत्ति के अंतिम रूप से निपटान होने तक, उन्हें उस वेतन मान में कोई वेतन वृद्धि नहीं दी जानी चाहिए ।

(b) कीलित (फ्रीज) कर देना चाहिए और लेखा आपत्ति के अंतिम रूप से निपटान होने तक, उन्हें उस वेतन मान में वेतन वृद्धि दी जानी चाहिए ।

(c) कीलित (फ्रीज) कर देना चाहिए और लेखा आपत्ति के अंतिम रूप से निपटान होने तक, उन्हें उस वेतन मान में कोई वेतन वृद्धि नहीं दी जानी चाहिए ।

(d) जारी रखना चाहिए और लेखा आपत्ति के अंतिम रूप से निपटान होने तक, उन्हें उस वेतन मान में वेतन वृद्धि दी जानी चाहिए ।

**19.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. रेलवे बोर्ड को रेल सेवकों द्वारा अध्याहरित (ओवरड्रान) राशि या उनसे अन्यथा प्राप्य राशि को बट्टे खाते डालने के लिए स्वीकृति देने की पूर्ण शक्तियाँ हैं ।

2. यदि लेखा या लेखा परीक्षा द्वारा ग़लत भुगतान या प्राप्य राशि के बारे में, भुगतान की तिथि या राशि के प्राप्य होने की तिथि से एक से अधिक वर्ष के बाद पता लगाया जाता है, तो राजपत्रित अधिकारियों के मामले में, महाप्रबंधक उनके द्वारा अध्याहरित (ओवरड्रान) राशि या उनसे अन्यथा प्राप्य राशि की वसूली को छोड़ सकता (वेव) है ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**20.** किसी अधिकारी की सेवा के दौरान की घटनाएँ, निम्नलिखित में से किस श्रेणी के अंतर्गत आती हैं ?

1. तैनाती और पदोन्नति

2. छुट्टी

3. विविध

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

16. For advances and arrear claims, Temporary Railway servants with a continuous service of three years or more are to be treated as

(a) permanent employees

(b) probationers without DA, HRA

(c) permanent employees without annual increment

(d) probationers without annual increment

17. Advances of pay and/or transfer T.A. to a Railway servant on transfer abroad and/or deputation to a foreign service are governed by separate rules which are laid down in

(a) the Indian Railway Financial Rules

(b) the Indian Railway Establishment Manual

(c) the Indian Railway Administration Rules

(d) the Indian Railway Services (Conduct) Rules

18. When there is an Audit objection in regards to upgrading of a post, the pay of the staff concerned should be

(a) continued and no further increments in that scale should be allowed to them until the Audit objection has been finally disposed off.

(b) frozen and increments in that scale should be allowed to them until the Audit objection has been finally disposed off.

(c) frozen and no further increments in that scale should be allowed to them until the Audit objection has been finally disposed off.

(d) continued and increments in that scale should be allowed to them until the Audit objection has been finally disposed off.

19. Consider the following statements :

1. The Railway Board have full powers to sanction the write-off of amounts overdrawn by Railway servants or otherwise due from them.

2. In the case of Gazetted Officers, the General Managers may waive recovery of amounts overdrawn by them or otherwise due from them, if the erroneous payment or the amount due is discovered by Accounts or Audit more than one year after the date on which it was made or on which it was due.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

20. The events during the service of an officer fall under which of the following categories ?

1. Postings and Promotions

2. Leave

3. Miscellaneous

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

21. भारत में रेलवे के लिए वित्त आयुक्त की नियुक्ति रेलवे के वित्तीय प्रशासन के इतिहास में सबसे उल्लेखनीय घटना थी, वह समय कौन-सा है ?

(a) अप्रैल 1921

(b) अप्रैल 1922

(c) अप्रैल 1923

(d) अप्रैल 1924

22. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

महाप्रबंधक को रेलवे लेखा विभाग का नियंत्रण अंतरित करने के शुरुआत में, रेलवे बोर्ड द्वारा वित्त सलाहकार और मुख्य लेखा अधिकारी के वित्तीय सलाह देने संबंधी कार्यों और उत्तरदायित्वों के संबंध में निम्नलिखित अनुबंध बनाए गए थे :

1. वर्तमान में, मुख्य लेखा अधिकारी के किसी वित्तीय या लेखांकन संबंधी महत्त्वपूर्ण मामले पर महाप्रबंधक के असहमत होने की स्थिति में रेलवे बोर्ड को निर्देश देने के लिए महाप्रबंधक को सूचित करने का कार्य मुख्य लेखा अधिकारी को सौंपा गया है, या यदि महाप्रबंधक ऐसा करने में अनिच्छुक है तो वह स्वयं ऐसा करेगा ।
2. लेखा विभाग के नियंत्रण का प्रस्तावित प्रत्यायोजन संबंधी परिवर्तन से मुख्य लेखा अधिकारी अपने इस दायित्व से मुक्त हो जाएगा ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

23. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

वित्त शाखा, प्रशासन का महत्त्वपूर्ण अंग है और इसके कार्य निम्नलिखित के संबंध में व्यापक रूप से प्रबंधन की सहायता करना है :

1. विवेकपूर्ण योजना बनाने और निर्णय लेने में
2. रेलवे प्रशासन के कार्यों का समग्र रूप से नियंत्रण करने में
3. प्रशासन के विविध उत्तरदायित्व वाले क्षेत्रों के अंतर्गत कार्यों पर नियंत्रण करने में

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

24. पूँजी के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) इसे किसी परिसंपत्ति (भूमि से भिन्न) की पूँजी के नामे पर लागत (कॉस्ट एट डेबिट ऑफ कैपिटल) में जमा किया जाता है, जिसका परित्याग या निपटान प्रतिस्थापित किए बिना कर दिया जाता है ।

(b) जब इसे बेचा या अभ्यर्पित (सरेंडर) किया जाता है, इसे पूँजी की लागत पर अर्जित किसी भूमि के विक्रय आगम (सेल प्रोसीड) में जमा किया जाता है ।

(c) इसे परिसंपत्ति या उसके हिस्से के निर्माण में मूल रूप से लगी श्रम लागत में जमा किया जाता है, जब बाद में ऐसी मदों को नए कार्य में उपयोग के लिए अंतरित किया जाता है ।

(d) इसे ओपन लाइन वर्क्स-रेवेन्यु की लागत पर प्रतिस्थापित किसी परिसंपत्ति की पूँजी (अनुमानित, यदि ज्ञात नहीं है) के क्रेडिट पर मूल लागत में जमा किया जाता है ।

21. The most important landmark in the history of the financial administration of Railways in India was the appointment of the Financial Commissioner for Railways in

(a) April 1921

(b) April 1922

(c) April 1923

(d) April 1924

22. Consider the following statements :

At the time of the initial transfer of control over the Railway Accounts Department to the General Manager, the following stipulation was made by the Railway Board on the functions and responsibilities of the Financial Advisor and Chief Accounts Officer in regard to tendering of financial advice :

1. At present the duty is imposed on the Chief Accounts Officer of advising the General Manager to make a reference to the Railway Board in the event of the former disagreeing with the latter on any matter of financial or accounting importance, or making such a reference himself should the General Manager be unwilling to do so.

2. The change involved in the proposed delegation of control of the Accounts Department will relieve the Chief Accounts Officer of this obligation.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

23. Consider the following statements :

The Finance Branch is an important limb of the Administration and its functions are broadly to assist management

1. in making rational plans and decisions

2. in controlling the operations of the Railway Administration as a whole

3. in controlling the operations within the various responsibility areas of the Administration

Which of the above statements are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

24. Which one of the following statements is ***not*** correct regarding Capital ?

(a) It is credited with the cost at debit of Capital of an asset (other than land) which is abandoned or disposed off without being replaced.

(b) It is credited with the sale proceeds of any land acquired at the cost of Capital when it is sold or surrendered.

(c) It is credited with the cost of labour originally incurred in laying the assets or parts thereof, when such items are subsequently transferred for use on a new work.

(d) It is credited with the original cost at credit of Capital (estimated if not known) of an asset replaced at the cost of Open line Works-Revenue.

**25.** मूल्यह्रास आरक्षित निधि के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) इसमें गिट्टियों (बैलस्ट) के प्रतिस्थापन की लागत शामिल है, जिसमें समुन्नत प्रकार की गिट्टियाँ भी शामिल हैं ।

(b) इसमें भूमि से भिन्न परिसंपत्ति की निविदा लागत शामिल है, यदि अनुमानित लागत ज्ञात नहीं है, तो इसे निविदा प्रक्रिया के अंतर्गत ओपन लाइन वर्क्स-रेवेन्यु की लागत पर प्रतिस्थापित किया जाता है ।

(c) इसमें किसी परिसंपत्ति (भूमि से भिन्न) की पूँजी या विकास निधि के नामे लागत शामिल है, जिसे प्रतिस्थापित किए बिना छोड़ दिया जाता है या निपटान कर दिया जाता है ।

(d) इसमें चल (रोलिंग) स्टॉक के आधुनिकीकरण पर उपगत (इनकर्ड) समस्त व्यय शामिल हैं ।

**26.** श्रम कल्याण कार्यों के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा सही ***नहीं*** है ?

(a) नए अस्पतालों का प्रावधान

(b) नए संस्थाओं का प्रावधान

(c) स्वास्थ्य और कल्याण सेवाओं का प्रावधान और सुधार

(d) स्टेशनों पर यात्रियों के लिए प्रकाश व्यवस्था और पंखों का प्रावधान

**27.** विकास निधि के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) इसे राजस्व आरक्षित निधि से इसमें अंतरित राशि में जमा किया जाता है ।

(b) प्रत्येक वर्ष अधिशेष से अथवा अन्यथा इसमें विनियोजित राशि में इसे जमा किया जाता है ।

(c) इसे किसी परिसंपत्ति की विकास निधि के क्रेडिट पर लागत में जमा किया जाता है, जिसे प्रतिस्थापित किए बिना परित्याग या निपटान कर दिया गया है ।

(d) इसे निधि शेष पर अर्जित ब्याज की राशि में जमा किया जाता है

**28.** प्राक्कलन (एस्टिमेट) का सही कालानुक्रम क्या है ?

1. संशोधित प्राक्कलन
2. समापन प्राक्कलन
3. विस्तृत प्राक्कलन
4. सार प्राक्कलन

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2, 3, 4

(b) 2, 1, 3, 4

(c) 4, 1, 3, 2

(d) 4, 3, 1, 2

**29.** रेल परियोजना के लिए भूमि की अधिप्राप्ति (प्रोक्युरमेंट) को किस रूप में जाना जाता है ?

(a) भूमि अधिग्रहण

(b) भूमि सर्वेक्षण

(c) भूमि पुनर्वास (रिहैबिलिटेशन)

(d) भूमि व्यवस्थापन (रिसेटलमेंट)

**30.** निम्नलिखित में से कौन-सा डीजल हाइड्रॉलिक स्पेयर है, जिसे पूँजी में प्रभारित किया जा सकता है ?

(a) ट्रैक्शन जेनरेटर

(b) ट्रैक्शन मोटरयुक्त मोटर ट्रक असेंबली

(c) ट्रैक्शन मोटर (बी.जी./एम.जी.)

(d) डीजल इंजन (मैक)

25. Which one of the following statements is ***not*** correct for Depreciation Reserve Fund ?

(a) It bears the cost of replacement of ballast involving improved type of ballast.

(b) It bears the tender cost of an asset other than land, estimated if not known, replaced at the cost of Open Line Works-Revenue under tendering process.

(c) It bears the cost at debit of capital or Development Fund of an asset (other than land) which is abandoned or disposed off without being replaced.

(d) It bears all expenditure incurred on modernization of Rolling Stock.

26. Which one of the following is ***not*** correct for Labour Welfare Works ?

(a) Provision of new hospitals

(b) Provision of new institutes

(c) Provision and improvement of health and welfare services

(d) Provision of lighting arrangements and fans for passenger at stations

27. Which one of the following statements is ***not*** correct for the Development Fund ?

(a) It is credited with the amount transferred to it from the Revenue Reserve Fund.

(b) It is credited with the amounts appropriated to it each year from the surplus or otherwise.

(c) It is credited with the cost at credit of the Development Fund of an asset which is abandoned or disposed off without being replaced.

(d) It is credited with the amount of interest earned on the balance of the Fund.

28. What is the correct chronological order of Estimates ?

1. Revised Estimate

2. Completion Estimate

3. Detailed Estimate

4. Abstract Estimate

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2, 3, 4

(b) 2, 1, 3, 4

(c) 4, 1, 3, 2

(d) 4, 3, 1, 2

29. Procurement of land for Railway projects is known as

(a) Land Acquisition

(b) Land Survey

(c) Land Rehabilitation

(d) Land Resettlement

30. Which one of the following is Diesel Hydraulic spare to be charged to Capital ?

(a) Traction Generators

(b) Motor truck assembly complete with traction motors

(c) Traction motors (BG/MG)

(d) Diesel engine (Mak)

**31.** कानून और व्यवस्था बनाए रखने हेतु जब सशस्त्र बल यूनिटों को रेलवे की सहायतार्थ कर्तव्यों का निर्वहन करना अपेक्षित होता है, तो सशस्त्र बलों के नियोजन पर हुआ संपूर्ण व्यय किसके द्वारा वहन किया जाएगा ?

(a) रक्षा मंत्रालय

(b) रेल मंत्रालय

(c) गृह मंत्रालय

(d) वित्त मंत्रालय

**32.** यात्रा भत्ता व्यय-भार के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. रेलवे के किसी कार्यालय में, या रेल मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन किसी कार्यालय में कार्यभार ग्रहण करने के लिए जाने वाले रेल सेवक का भत्ता, यदि विपरीत आदेश नहीं किए गए हैं, तो उस कार्यालय को प्रभारित किए जाएँगे जिसमें वह कार्यभार ग्रहण करने जा रहा है ।
2. केंद्र सरकार या राज्य सरकार के किसी अन्य विभाग/मंत्रालय को या उससे स्थायी रूप से स्थानांतरित सरकारी सेवक का यात्रा भत्ता उस विभाग/मंत्रालय या सरकार के नामे (डेबिट) डाला जाएगा जिसमें वह स्थानांतरित होता है ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**33.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यदि किसी रेल कर्मचारी ने अंशतः रेल विभाग/मंत्रालय में और अंशतः ग़ैर-रेल विभाग/मंत्रालय या किसी राज्य सरकार के अधीन सेवा की है, तो छुट्टी-वेतन को पहले आदाता (बॉरोइंग) विभाग/मंत्रालय या सरकार में नियोजन के विपरीत क्रम में नामे डाला जाएगा और केवल जब आदाता (बॉरोइंग) विभाग/मंत्रालय या सरकार में सेवा द्वारा अर्जित सभी छुट्टियाँ खर्च (इग्जॉस्ट) कर ली जाती है, उसे रेल विभाग/मंत्रालय के नामे डाला जाएगा ।
2. छुट्टी-वेतन के रेलवे का हिस्सा, उस रेल कार्यालय में प्रभारित किया जाएगा, जिसमें उसने इससे पहले सेवा की है ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**34.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. जब किसी विभाग/मंत्रालय या सरकार द्वारा स्वयं के नियमों के अंतर्गत मंजूर की गई पेंशन, दूसरे विभाग/मंत्रालय या सरकार के नियमों के अंतर्गत स्वीकार्य पेंशन से अधिक उदार हो, तो परवर्ती विभाग/मंत्रालय या सरकार उस आनुपातिक हिस्से को वहन नहीं करेगा जो इसके अपने कम अनुकूल नियमों के अंतर्गत स्वीकार्य होगा ।
2. जब किसी विभाग/मंत्रालय या सरकार द्वारा स्वयं के नियमों के अंतर्गत अनुकंपा भत्ता या अर्हक सेवा में कमी की माफी से भिन्न कोई पेंशन-संबंधी रियायत प्रदान की जाती है, तो वह विभाग/मंत्रालय या सरकार पेंशन में होने वाली परिणामी वृद्धि को वहन करेगा, जब तक कि बढ़ी हुई देयता के किसी हिस्से को अन्य प्रभावित विभाग/मंत्रालय या सरकार द्वारा स्वीकार नहीं किया गया है ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**31.** When Armed Forces units are required to perform duties in aid of the Railways, for maintenance of Law and Order, all expenditure on the employment of Armed Forces will be borne by :

(a) The Ministry of Defence

(b) The Ministry of Railways

(c) The Ministry of Home Affairs

(d) The Ministry of Finance

**32.** Consider the following statements regarding the incidence of travelling allowances :

1. The travelling allowance of a railway servant proceeding to join an office within the Railways or offices under the administrative control of the Ministry of Railways should, in the absence of orders to the contrary, be charged to the office to which he is proceeding.

2. The travelling allowance of a Government servant permanently transferred to / or from another Department/Ministry of the Central Government or State Government, is debited to the Department/Ministry of Government to which he is transferred.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**33.** Consider the following statements :

1. If a Railway servant has served partly in the Railway Department/Ministry and partly in a non-Railway Department/Ministry or under a State Government, the leave-salary should be first debited to the borrowing Departments/Ministries or Governments in the reverse order to that of employment and only when the leave earned, by service in the borrowing departments/ministries and Governments is exhausted it should be debited to the Railway Department/Ministry.

2. The Railway share of the leave-salary will be charged to the railway office in which he last served.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**34.** Consider the following statements :

1. When a pension granted by a Department/Ministry or Government under its own rules is more generous than that admissible under the rules of another Department/Ministry or Government, the latter Department/Ministry or Government will not bear the proportionate share which would be admissible under its own less favorable rules.

2. When a pensionary concession other than the grant of compassionate allowance or the condonation of a deficiency in qualifying service is granted by one Department/Ministry or Government, under its own rules that Department/Ministry or Government will bear the resulting increase in pension, unless any portion of the increased liability has been accepted by the other Departments/Ministries or Governments affected.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

35. निम्नलिखित में से किस समिति ने रेलवे बोर्ड के पुनर्गठन की योजना की सिफारिश की ?

(a) डकवर्थ समिति

(b) अकवर्थ समिति

(c) डकवर्थ और लुईस समिति

(d) स्टैनफोर्ड समिति

36. जी.आर.पी. की लागत में रेलवे के हिस्से की गणना के प्रयोजन के लिए, निम्नलिखित में से किसे शामिल किया जाएगा ?

1. कार्यालय व्यय और आकस्मिक व्यय
2. पेंशन-संबंधी प्रभारों की लागत
3. जी.आर.पी. स्टाफ द्वारा अधिकृत भवन के किराए की लागत

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

37. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
अपर उपनियंत्रक और महालेखापरीक्षक (रेलवे), और रेलवे लेखा परीक्षा का पदेन निदेशक निम्नलिखित की लेखा परीक्षा के लिए उत्तरदायी है :

1. सामग्री की खरीद के लिए रेलवे बोर्ड द्वारा आमंत्रित और स्वीकार की गई निविदाएँ ।
2. रेलवे बोर्ड (लेखा शाखा) के कार्यालय द्वारा रखे जाने वाले लेखा ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

38. मैनुअली ऑपरेटेड डेस्क कैलकुलेटर/टैबुलेटर और सदृश मशीनें कौन प्राप्त कर सकता है ?

(a) रेल मंत्रालय की सहमति से लेखा अधिकारी द्वारा अपनी संस्वीकृत करने की शक्तियों के अंतर्गत

(b) वित्त सलाहकार और मुख्य लेखा अधिकारी की सहमति से महाप्रबंधक द्वारा अपनी संस्वीकृत करने की शक्तियों के अंतर्गत

(c) महाप्रबंधक की सहमति से सहायक महाप्रबंधक द्वारा अपनी संस्वीकृत करने की शक्तियों के अंतर्गत

(d) रेलवे बोर्ड की सहमति से महाप्रबंधक द्वारा अपनी संस्वीकृत करने की शक्तियों के अंतर्गत

39. रेलवे की विविध (फुटकर) आय मुख्य रूप से निम्नलिखित में से किन स्रोतों से प्राप्त होती है ?

1. टेलीग्राफ
2. वाणिज्यिक प्रचार
3. केटरिंग (खान-पान प्रबंधन)

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

40. निम्नलिखित में से कौन-सी माँग पूँजीगत व्यय से संबंधित है ?

(a) माँग संख्या 16

(b) माँग संख्या 15

(c) माँग संख्या 4

(d) माँग संख्या 12

**35.** Which one of the following Committees recommended the scheme of reorganization of Railway Board ?

(a) Duckworth Committee

(b) Acworth Committee

(c) Duckworth and Lewis Committee

(d) Stanford Committee

**36.** For the purpose of calculating Railway's share of cost of GRP, which of the following will be included ?

1. Office expenses and contingencies
2. Cost of pensionary charges
3. Cost of rent of building occupied by GRP staff

Select the correct answer using the code give below :

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

**37.** Consider the following statements :

The Additional Deputy Comptroller and Auditor-General (Railways), and ex-officio Director of Railway Audit, is responsible for the audit of

1. tenders invited and accepted by the Railway Board for purchase of materials.
2. accounts maintained in the office of the Railway Board (Accounts Branch).

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**38.** Manually operated desk calculators/tabulators and similar machines may be obtained by

(a) the Accounts Officer within his powers of sanction with the concurrence of the Ministry of Railways

(b) the General Manager within his powers of sanction with the concurrence of the Financial Advisor & Chief Accounts Officer

(c) the Assistant General Manager within his powers of sanction with the concurrence of the General Manager

(d) the General Manager within his powers of sanction with the concurrence of the Railway Board

**39.** The sundry earnings of a Railway are derived mainly from which of the following sources ?

1. Telegraph
2. Commercial Publicity
3. Catering

Select the correct answer using the code give below :

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

**40.** Which one of the following demand is related to capital expenditure ?

(a) Demand No. 16

(b) Demand No. 15

(c) Demand No. 4

(d) Demand No. 12

41. निम्नलिखित में से कौन-सा सही ***नहीं*** है ?

(a) स्थायी पद से अभिप्रेत समय-सीमा के अंतर्गत स्वीकृत निश्चित वेतन दर वाले पद से है ।

(b) संवर्ग से अभिप्रेत पृथक इकाई के रूप में स्वीकृत किसी सेवा में कर्मियों की संख्या या सेवा या सेवा के किसी भाग से है ।

(c) कैंप इक्विपेज से अभिप्रेत कैंप को स्थानांतरित करने के लिए उपकरणों से है ।

(d) 'मंडल (डिविजनल) अधिकारी' से अभिप्रेत समूह 'क' (ग्रुप 'ए') के ऐसे अधिकारी से है जो वरिष्ठ वेतनमान अधिकारी के लिए लागू वेतनमान पर वेतन आहरित करता है ।

42. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

विशेष वेतन से अभिप्रेत किसी पद या रेल सेवक के पद की परिलब्धियों में, वेतन के स्वरूप में वृद्धि से है, जिसे निम्नलिखित को ध्यान में रखते हुए मंजूर किया जाता है :

1. कर्तव्यों का विशेष रूप से कठिन स्वरूप ।
2. कार्य या उत्तरदायित्वों में विनिर्दिष्ट वृद्धि और इसमें डॉक्टरों को निजी प्रैक्टिस के बदले में दिया जाने वाला प्रैक्टिसबंदी भत्ता शामिल है ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

43. परिवार के सदस्य के अंतर्गत कौन शामिल ***नहीं*** है ?

(a) 18 वर्ष से अधिक आयु का भाई जो रेल सेवक के साथ रहता है और पूरी तरह उस पर आश्रित है

(b) पति या पत्नी (स्पाउस)

(c) रेल सेवक पर पूर्णत: आश्रित सौतेली संतान

(d) रेल सेवक पर पूर्णत: आश्रित बहनें

44. रेलवे में नियुक्त कर्मचारी की समूह 'ख' (ग्रुप 'बी') सेवा में पदोन्नति द्वारा नियुक्ति किसके द्वारा की जा सकेगी ?

(a) महाप्रबंधक

(b) सचिव

(c) सी.ए.ओ.

(d) राष्ट्रपति

45. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. संरक्षा विभाग को छोड़कर समूह 'ख' (ग्रुप 'बी') में पदोन्नति, सी.ए.ओ. द्वारा की जाएगी बशर्ते ऐसी पदोन्नतियाँ चयन बोर्ड द्वारा संस्तुत पैनल में दिए गए नामों के सही क्रम के अनुसार की जाती है; यदि इस आदेश का कोई अधिक्रमण शामिल है, तो मामला रेल मंत्रालय को भेजा जाना चाहिए ।
2. सहायक लेखा अधिकारियों के पदों को सामान्यत: ऐसे समूह 'ग' (ग्रुप 'सी') रेल सेवकों में से चयन द्वारा भरा जाता है, जिन्होंने पदोन्नति के लिए अर्हक विभागीय परीक्षा, जैसे, अनुभाग अधिकारी (लेखा), स्टोर लेखा निरीक्षक/स्टेशन लेखा निरीक्षक की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है या उन्हें इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने से छूट प्राप्त है ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

41. Which one of the following is ***not*** correct ?

(a) Permanent post means a post carrying a definite rate of pay sanctioned with limit of time.

(b) Cadre means the strength or a service or a part of a service sanctioned as a separate unit.

(c) Camp equipage means the apparatus for moving a camp.

(d) 'Divisional Officer' means an officer in group 'A' drawing pay on the scale applicable to senior scale officer.

42. Consider the following statements :

Special Pay means an addition of the nature of pay, to the emoluments of post or of a Railway servant, granted in consideration of

1. the specially arduous nature of duties.
2. a specific addition to the work or responsibility and includes non-practicing allowance granted to doctors in lieu of private practice.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

43. Who does ***not*** constitute a family member ?

(a) Brother above 18 years of age residing with and wholly dependent on the Railway servant

(b) Spouse

(c) Step-children wholly dependent on the Railway servant

(d) Sisters wholly dependent on the Railway servant

44. Appointment to Group 'B' Service by promotion of staff employed on the Railway may be made by :

(a) The General Manager

(b) The Secretary

(c) The CAO

(d) The President

45. Consider the following statements :

1. Promotions to Group B posts shall be made by the CAO except in the Security Department provided that such promotions are made in the strict order of placement on the panel recommended by the Selection Board; if any supersession of that order is involved, the matter should be referred to the Railway Ministry.
2. The posts of Assistant Accounts Officers shall ordinarily be filled by selection from Group C railway servants who have passed the departmental examination qualifying for promotion as Section Officer (Accounts), Inspector of Stores Accounts/Inspector of Station Accounts or are exempted from passing that examination.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**46.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

भर्ती नियमों में, अन्य बातों के साथ-साथ, निम्नलिखित प्रावधान है :

1. रेल सेवकों की सीधी भर्ती और अधीनस्थ सेवाओं से पदोन्नति द्वारा भरे जाने के लिए रिक्तियों का अनुपात
2. प्रत्येक समूह 'क' (ग्रुप 'ए') सेवा के लिए भर्ती विनियमों में, यथा निर्धारित अनिवार्य भाषा परीक्षा उत्तीर्ण करना

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**47.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से भर्ती हुए ऐसे रेल सेवक, जिसे संबंधित सेवा या विभाग में नियुक्ति के लिए निर्धारित विनियमों के अनुसार चिकित्सा परीक्षा से गुज़रना होता है, उसे चिकित्सा प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने से छूट दी जाएगी ।
2. ऐसा अस्थायी रेलवे सेवक जिसकी पहले से ही चिकित्सा परीक्षा किसी कार्यालय में हो गई है, यदि उसे सेवा में व्यवधान (ब्रेक इन सर्विस) के बिना किसी अन्य कार्यालय में स्थानांतरित किया जाता है, और किसी सेवानिवृत्त रेलवे सेवक को सेवानिवृत्ति के तुरंत बाद पुन: नियोजित किया जाता है, तो ऐसे व्यक्तियों के लिए निर्धारित की गई चिकित्सा परीक्षा से गुज़रना आवश्यक होगा ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**48.** ऐसे मामले में, सेवा समाप्ति की सूचना देना आवश्यक नहीं होगा, जहाँ यह मान लिया जाता है कि अस्थायी रेल सेवक ने अपनी नियुक्ति से त्याग-पत्र दे दिया है और वह नियोजन में नहीं है, यदि ऐसा व्यक्ति असाधारण छुट्टी पर नीचे दी गई किस समय-सीमा के बाद भी अनुपस्थित रहता है ?

(a) 2 वर्ष जिसके लिए स्थायी रेल सेवकों के मामले में कारण बताओ नोटिस अपेक्षित नहीं है ।

(b) 3 वर्ष जिसके लिए स्थायी रेल सेवकों के मामले में कारण बताओ नोटिस अपेक्षित नहीं है ।

(c) 4 वर्ष जिसके लिए स्थायी रेल सेवकों के मामले में कारण बताओ नोटिस अपेक्षित नहीं है ।

(d) 5 वर्ष जिसके लिए स्थायी रेल सेवकों के मामले में कारण बताओ नोटिस अपेक्षित नहीं है ।

**49.** स्थापना में कटौती किए जाने पर सेवा-मुक्ति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. किसी रेल सेवक द्वारा मूल रूप से धारित पद को समाप्त करने के लिए सक्षम प्राधिकारी या ऐसे प्राधिकारी जिसने उसे इस पद पर नियुक्त किया है, जो भी उच्चतर प्राधिकारी हो, के आदेशों को छोड़ कर, स्थापना में कटौती किए जाने पर, उस रेल सेवक को सेवा-मुक्त नहीं किया जाएगा ।
2. राष्ट्रपति द्वारा जारी किसी सामान्य आदेश के अधीन स्थापना में कटौती किए जाने पर, सेवा-मुक्त किए जाने वाले पेंशनयोग्य रेल सेवक का चयन इस प्रकार किया जाएगा कि प्रतिपूर्ति पेंशन के कारण कम-से-कम भार पड़े ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

46. Consider the following statements :

The recruitment rules may provide inter-alia for

1. proportion of vacancies to be filled by direct recruitment and promotion of railway servants from subordinate services.
2. passing obligatory language examination whenever prescribed in the recruitment regulations for each service in Group 'A'.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

47. Consider the following statements :

1. A Railway servant recruited though a competitive examination who had to undergo medical examination in accordance with the regulations prescribed for appointment to the service or department concerned shall be exempted from producing a medical certificate of health.
2. A temporary Railway servant who has already been medically examined in one office, if transferred to another office without break in service, and a retired Railway servant re-employed immediately after retirement, shall be required to undergo the medical examination prescribed for such persons.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

48. No notice of termination will be necessary in a case where temporary railway servant is deemed to have resigned his appointment and ceased to be in employment if such a person remained absent on extraordinary leave beyond a limit of

(a) 2 years for whom no show cause notice is required as in the case of permanent railway servants
(b) 3 years for whom no show cause notice is required as in the case of permanent railway servants
(c) 4 years for whom no show cause notice is required as in the case of permanent railway servants
(d) 5 years for whom no show cause notice is required as in the case of permanent railway servants

49. Consider the following statements regarding the discharge on reduction of establishment :

1. No Railway servant may be discharged on reduction of establishment except under the orders of the authority competent to abolish the permanent post held substantively by him or of the authority which appointed him to that post, whichever is the higher authority.
2. Subject to any general orders issued by the President the selection of pensionable Railway servants to be discharged upon reduction of establishment shall be so made as to involve the least charge on account of compensation pension.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

**50.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. जब कोई ऐसा व्यक्ति जो पहले सिविल, रेलवे या सेना नियोजन में था और वह पुन:नियोजन प्राप्त करता है, चाहे वह रेल सेवा में अस्थायी हो या स्थायी, तो उसे अपने पूर्व नियोजन से प्राप्त उपदान, भविष्य निधि या पेंशन की राशि के बारे में नियुक्ति प्राधिकारी को घोषणा प्रस्तुत करनी होगी ।
2. नियोक्ता प्राधिकारी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि पुन: नियोजन के लिए आवेदन, वर्तमान विभागाध्यक्ष या जहाँ आवश्यक हो, सरकार के स्वामित्व या नियंत्रणाधीन कॉर्पोरेट निकायों के प्रमुखों के माध्यम से प्राप्त की जाती है और यदि आवेदक द्वारा उक्त नियोजक से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण-प्रत्र विनिर्दिष्ट समयावधि के अंतर्गत प्रस्तुत नहीं किया जाता है, तो आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

**51.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. सेवा विस्तार/पुन: नियोजन की स्वीकृति के लिए ऐसे किसी प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया जाना चाहिए, जो केवल इस विचार पर आधारित है कि अधिकारी के पूर्ववर्ती आधिकारियों को सेवा विस्तार/पुन: नियोजन दिया गया था ।
2. किसी ऐसे रेल सेवक को सेवानिवृत्ति की निर्धारित तिथि के बाद सेवा-विस्तार पर है, उसे सेवा-विस्तार की अवधि के दौरान अन्य पद पर पदोन्नत नहीं किया जाएगा ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

**52.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. जहाँ कोई रेल सेवक भारत सरकार के अधीन किंतु रेलवे से बाहर किसी अन्य पद के लिए आवेदन करता है, यदि इस आवेदन को उचित माध्यम से अग्रेषित किया जाता है और आवेदक को नया पद ग्रहण करने से पहले त्याग-पत्र देना आवश्यक हो, तो ऐसे त्याग-पत्र के परिणामस्वरूप उसके खाते में जमा छुट्टियाँ व्यपगत (लैप्स) हो जाएँगी ।
2. ऐसा रेल सेवक जिसे सेवा से बर्खास्त किया गया है या निष्कासित किया गया है और अपील या पुनरीक्षण (रिवीजन) पर उसे पुन: बहाल किया जाता है, तो वह यथास्थिति, बर्खास्तगी, या निष्कासित किए जाने से पहले की उसकी सेवा की छुट्टी की गणना के लिए हकदार नहीं होगा ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

**53.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. रेल सेवक को तब तक कोई छुट्टी मंजूर नहीं की जाएगी, जब तक कि छुट्टी खाता रखने वाले प्राधिकारी से छुट्टी की स्वीकार्यता पर रिपोर्ट प्राप्त नहीं की जाती है ।
2. किसी ऐसे रेल सेवक को छुट्टी मंजूर की जाएगी, जिसे दंड देने वाले सक्षम प्राधिकारी ने रेल सेवा से बर्खास्त करने, निष्कासित करने या अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने का निर्णय लिया है ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

50. Consider the following statements :

1. When a person who was formerly in civil, railway or military employment obtains re-employment, whether temporarily or permanently in Railway service, it shall be incumbent on him to declare to the appointing authority the amount of any gratuity, provident fund or pension received by him in respect of his previous employment.
2. The appointing authority should ensure that the application for re-employment is received through the existing Head of Department or Head of Corporate Bodies owned or controlled by Government where necessary and that applications would not be entertained if a clearance certificate from the said employer is not produced by the applicant within the specified period of time.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

51. Consider the following statements :

1. A proposal for the grant of extension of service/re-employment based merely on the consideration that the officer's predecessors had been given extension/re-employment should obviously be accepted.
2. No Railway servant who is on extension of service after the prescribed date of retirement should be promoted to another post during the period of extension of service.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

52. Consider the following statements :

1. Where a Railway servant applies for another post under the Government of India but outside the Railways, if such application is forwarded through proper channel and the applicant is required to resign his post before taking up the new one, such resignation shall result in the lapse of the leave to his credit.
2. A Railway servant who is dismissed or removed from service and is reinstated on appeal or revision, shall not be entitled to count for leave of his service prior to dismissal, or removal, as the case may be.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

53. Consider the following statements :

1. No leave shall be granted to a Railway servant until a report regarding its admissibility has been obtained from the authority maintaining the leave account.
2. Leave shall be granted to a Railway servant whom a competent punishing authority has decided to dismiss, remove or compulsorily retire from railway service.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**54.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

"चिकित्सीय परिचर्या" से अभिप्रेत है :

1. प्राधिकृत चिकित्सा अधिकारी के परामर्श कक्ष में या किसी रेलवे अस्पताल/स्वास्थ्य यूनिट में रेल सेवक, उसके परिवार के किसी सदस्य या आश्रित रिश्तेदारों की परिचर्या ।
2. रेल सेवक के आवास पर उसकी परिचर्या ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**55.** निम्नलिखित में से किन कर्मचारियों को निःशुल्क चिकित्सा परिचर्या और उपचार सुविधाएँ उपलब्ध हैं ?

1. उपभोक्ता सहकारी सोसाइटी
2. स्टाफ बेनिफिट फंड कमिटीज़ (कर्मचारी हितलाभ निधि समितियाँ)
3. रेलवे ऑफिसर्स क्लब (रेलवे अधिकारी क्लब)

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

**56.** निम्नलिखित में से किस प्रकार के मामलों में रेल सेवक पर विधिक कार्यवाही हो सकेगी ?

ऐसे मामले जिनमें कृत्य किया जाता है :

1. सरकारी कार्य के पालन या निष्पादन में ।
2. सरकारी कार्य के पालन या निष्पादन में, किन्तु सरकारी पद की हैसियत से या सरकारी पद से संबंध होने से ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**57.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. केंद्रीय सरकार की ओर से नियुक्त महाधिवक्ता (एडवोकेट जनरल) और राज्य सरकारों के अन्य विधिक अधिकारियों का शुल्क, अधिकारियों और भारत सरकार के बीच होने वाले सामान्य करार द्वारा नियंत्रित होता है ।
2. विशेष पुलिस स्थापना मामलों में, इन अधिकारियों को शुल्क का भुगतान किया जाता है, इसमें ऐसे अंशकालिक अधिकारी शामिल नहीं हैं, जिनकी शर्तों में, सदृश मामलों में राज्य सरकार द्वारा भुगतान अपेक्षित होता है ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**58.** स्टाफ बेनिफिट फंड (कर्मचारी हितलाभ निधि) का प्रबंधन रेल मुख्यालय में स्थित समिति द्वारा किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता किसके द्वारा की जाएगी ?

(a) मुख्य चिकित्सा अधिकारी

(b) अपर मुख्य इंजीनियर

(c) महाप्रबंधक

(d) मुख्य कार्मिक अधिकारी

54. Consider the following statements :

"Medical attendance" means :

1. attendance on a railway employee, a member of his family or dependent relatives at the consultation room maintained by the authorized medical officer or any Railway hospital/Health unit.

2. attendance on a railway employee at his residence.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

55. Free medical attendance and treatment facilities are available to which of the following staff ?

1. Consumer Cooperative Societies

2. Staff Benefit Fund Committees

3. Railway Officer's Club

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

56. A Railway servant may be involved in legal proceedings in which of the following types of cases ?

The cases in which acts are done

1. in the execution or performance of the official duty.

2. in the execution or the official duty, but by virtue of, or having connection with the official position.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

57. Consider the following statements :

1. The fees of the Advocate General and other Law Officers of State Governments engaged on behalf of the Central Government are governed by any general agreement between the officers and the Government of India.

2. Fees are paid in Special Police Establishment cases to these officers except to those part-time officers whose terms require payment by the State Government in similar cases.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

58. The Staff Benefit Fund shall be managed by a Committee at the headquarters of the Railway presided over by the

(a) Chief Medical Officer

(b) Additional Chief Engineer

(c) General Manager

(d) Chief Personnel Officer

59. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
संतान से अभिप्रेत वैध संतान और सौतेली-संतान से है । इसमें दत्तक संतान भी शामिल होगी ।

1. भविष्य निधि के भुगतान के प्रयोजन के लिए, जिसमें विशेष अंशदान शामिल नहीं है, केवल यदि लेखा अधिकारी, ऐसी विधिक सलाह प्राप्त करने के बाद, जो वह आवश्यक समझे, इस बात से संतुष्ट है कि अभिदाता की स्वीय विधि के अंतर्गत, प्राकृतिक संतान (नेचुरल चाइल्ड) की हैसियत प्रदान करने के लिए दत्तक-ग्रहण विधिक रूप से मान्यता प्राप्त है ।
2. भविष्य निधि में विशेष अंशदान के भुगतान के प्रयोजन के लिए, महाप्रबंधक के विवेक पर, प्रत्येक मामले की परिस्थिति के अनुसार, इस बात पर विचार किए बिना कि अभिदाता के धर्म के संबंध में उसकी स्वीय विधि (पर्सनल लॉ) के अंतर्गत दत्तक-ग्रहण वैध था या नहीं ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

60. निम्नलिखित में से किन प्रयोजनों के लिए अग्रिम स्वीकृत किए जा सकते हैं ?

1. स्थानांतरण पर वेतन अग्रिम
2. वैयक्तिक ऋण के लिए अग्रिम
3. कानूनी वाद के लिए

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

61. 'चालू मिसिल (करेंट फाइल)' से क्या अभिप्रेत है ?

(a) ऐसी मिसिल, जिस पर कार्रवाई पूरी नहीं हुई है
(b) ऐसी मिसिल, जिस पर कार्रवाई पूरी हो गई है
(c) ऐसी मिसिल, जिस पर अंतिम अनुमोदन लंबित है
(d) अनुभाग में रखी हुई मिसिल

62. डाक की निम्नलिखित में से कौन-सी श्रेणी को केन्द्रीय पंजीकरण (सेंट्रल रजिस्ट्री) द्वारा डाक रजिस्टर में पंजीकृत (रजिस्ट्रीकृत) ***नहीं*** की जाएगी ?

(a) पंजीकृत डाक से प्राप्त पत्रादि
(b) अंतर्विभागीय फाइल
(c) संसद सदस्यों के पत्र
(d) विक्रेताओं से प्राप्त नकदी

63. कार्यालयी कार्य के निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र यंत्रीकरण (मैकेनाइजेशन) के लिए उपयुक्त ***नहीं*** है ?

(a) सूचना का संचयन (स्टोरेज) और पुन:प्राप्ति
(b) सूचना का संसाधन
(c) निर्णय लेने की प्रक्रिया
(d) दस्तावेज़ सृजन और अनुलिपीकरण (डुप्लिकेशन)

64. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
रेलवे रेट्स ट्रिब्यूनल (रेलवे दर अधिकरण) में, अधिकरण के पास निम्नलिखित के संबंध में अधिकार-क्षेत्र ***नहीं*** है :

1. किसी पण्य (कमोडिटी) का वर्गीकरण और पुन: वर्गीकरण ।
2. घाटभाड़ा और विलंब शुल्क (डेमरेज) प्रभार का नियतन ।
3. एकमुश्त दरों का नियतन ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

59. Consider the following statements :

Children means legitimate children and step-children. It shall also include adopted children.

1. For the purpose of payment of Provident Fund excluding special contribution, only if the Accounts Officer is satisfied after obtaining such legal advice as he may consider necessary that under the personal law of the subscriber, adoption is legally recognized as conferring the status of a natural child.

2. For the purpose of payment of special contribution to the provident fund, at the discretion of the General Manager, according to the circumstances of each case irrespective of whether the adoption was valid under the personal law of the subscriber having regard to his religion or not.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

60. For which of the following purposes can advances be sanctioned ?

1. Advance of pay on transfer
2. Advance to personal loan
3. For law suits

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

61. Current file means

(a) a file, action on which has not been completed

(b) a file, action on which has been completed

(c) a file pending for final approval

(d) a file parked in section

62. Which one of the following categories of dak will ***not*** be registered by the Central Registry in the dak register ?

(a) Registered postal dak

(b) Inter-departmental files

(c) Letters from Members of Parliament

(d) Cash received from vendors

63. Which one of the following areas of office work is ***not*** suitable for mechanization ?

(a) Storage and retrieval of information

(b) Processing of information

(c) Decision-making

(d) Document creation and duplication

64. Consider the following statements :

In Railway Rates Tribunal, the tribunal has no jurisdiction in respect of

1. classification or re-classification of any commodity.

2. fixation of wharfage and demurrage charges.

3. fixation of lump sum rates.

Which of the above statements are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

**65.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

रेल वित्त और नीति पर संसद का नियंत्रण अन्य बातों के साथ-साथ कैसे किया जाता है ?

1. राष्ट्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री परिषद से जुड़े संसद सदस्य के माध्यम से ।
2. जब बजट प्रस्तुत किया जाता है, तब अंतर्वेशन (इंटरपोलेशन) और संकल्प (रिजोल्यूशन) और चर्चा के माध्यम से और रेलवे की माँगों पर मतदान किए जाते हैं ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

**66.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

राष्ट्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री परिषद के कार्य निम्नलिखित पर विचार करना होगा :

1. रेलवे द्वारा प्रदत्त सेवाओं और सुविधाओं से संबंधित ऐसे मामले जो इसे मंत्रियों द्वारा विचारार्थ भेजे जाते हैं ।
2. ऐसे मामले जो आंचलिक (जोनल) समितियों के कार्यों के दायरे में होने के कारण इन्हें ऐसी समितियों द्वारा विचारार्थ भेजे जाते हैं ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

**67.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

प्राक्कलन (एस्टिमेटस्) समिति के कार्य क्या होंगे ?

1. यह सुझाव देना कि क्या यह धन, प्राक्कलनों में अंतर्निहित नीति की सीमा के अंतर्गत सुनिर्धारित है ।
2. यह सुझाव देना कि प्राक्कलनों को किस रूप में संसद में प्रस्तुत किया जाएगा ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

**68.** निम्नलिखित में से क्या स्थायी वित्त समिति के समक्ष व्यय के लिए प्रस्तावों का हिस्सा ***नहीं*** है ?

(a) आकस्मिक कार्यक्रम
(b) बजट प्रस्ताव
(c) निर्माण (वर्क्स) कार्यक्रम
(d) चल (रोलिंग) स्टाफ कार्यक्रम

**69.** निम्नलिखित में से किस रेलवे व्यय को भारत की संचित निधि में 'प्रभारित' किया जाएगा ?

1. ऋण और कर्ज पर ब्याज, ऋणशोधन निधि प्रभार और मोचन (रिडेमशन) प्रभार ।
2. भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक को या उनके संबंध में देय वेतन, भत्ते और पेंशन ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

65. Consider the following statements :

The control of the Parliament over railway finance and policy is inter-alia exercised

1. though the Member of Parliament serving on the National Railway Users Consultative Council.
2. by means of interpolations and resolutions and discussions when the Budget is presented, and the railway demands are voted upon.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

66. Consider the following statements :

The functions of the National Railway Users Consultative Council will be to consider :

1. such matters relating to the services and facilities provide by Railways as may be referred to it for consideration by the Ministers.
2. such matters being within the scope of the function of the Zonal Committees as are referred to it for consideration by such committees.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

67. Consider the following statements :

The functions of the Estimates Committee shall be

1. to suggest whether the money is well laid out within the limits of the policy implied in the estimates.
2. to suggest the form in which the estimates shall be presented to the Parliament.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

68. Which one of the following is ***not*** a part of proposals for expenditures before Standing Finance Committee ?

(a) Contingency programme
(b) Budget proposals
(c) Works programme
(d) Rolling staff programme

69. Which of the following Railway expenditures shall be 'Charged' on the Consolidated Fund of India ?

1. Interest, sinking fund charges and redemption charges on loans and debt.
2. The salary, allowances and pensions payable to or in respect of the Comptroller and Auditor General of India.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

**70.** लोक सभा/राज्य सभा की प्रवर या संयुक्त समिति को भेजे गए या उनमें विचाराधीन विधेयकों (बिलों) में सरकारी संशोधनों के परिचालन के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सी प्रक्रिया का पालन किया जाएगा ?

1. जिस बैठक में संशोधनों को प्रस्तुत किया जाना है, उसकी तिथि से कम-से-कम एक दिन पहले प्रस्तावित संशोधनों की तीस प्रतिलिपियाँ लोक सभा/राज्य सभा को भेजी जानी चाहिए ।
2. लोक सभा/राज्य सभा सचिवालय अनुमोदित संशोधनों को समुचित फॉर्म में दर्ज करने के बाद समिति के सदस्यों को परिचालित करेगा ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**71.** संसदीय राजभाषा समिति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. समिति में पंद्रह सदस्य होंगे, जिनमें से दस लोक सभा के सदस्य होंगे और पाँच राज्य सभा के सदस्य होंगे, जो क्रमश: लोक सभा और राज्य सभा के सदस्यों द्वारा आनुपातिक प्रतिनिधित्व पद्धति के अनुसार एकल संक्रमणीय मत द्वारा निर्वाचित होंगे ।
2. समिति का यह कर्तव्य होगा कि वह संघ के राजकीय प्रयोजनों के लिए हिंदी के प्रयोग में की गई प्रगति का पुनर्विलोकन करे और उस पर सिफारिशें करते हुए राष्ट्रपति को प्रतिवेदन (रिपोर्ट) प्रस्तुत करें और राष्ट्रपति उस प्रतिवेदन को संसद के प्रत्येक सदन के समक्ष रखवाएगा और सभी राज्य सरकारों को भिजवाएगा ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**72.** केंद्रीय सरकार के कार्यालयों के बीच पत्र-व्यवहार के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. केन्द्र सरकार के एक मंत्रालय या विभाग और दूसरे मंत्रालय या विभाग के बीच पत्र-व्यवहार हिंदी या अंग्रेजी में किया जाएगा ।
2. क्षेत्र ख, या क्षेत्र ग में स्थित केंद्र सरकार के कार्यालयों के बीच पत्र-व्यवहार केवल हिंदी में किया जाएगा ।
3. क्षेत्र क, क्षेत्र ख या क्षेत्र ग में स्थित केंद्र सरकार के कार्यालयों के बीच पत्र-व्यवहार हिंदी में या अंग्रेजी में किया जाएगा ।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

**73.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

कर्मचारी को हिंदी में प्रवीण माना जाएगा यदि :

1. उसने मैट्रिक परीक्षा या उसके समतुल्य या उससे उच्चतर कोई परीक्षा हिंदी के माध्यम से उत्तीर्ण कर ली है ।
2. उसने स्नातक परीक्षा में या स्नातक परीक्षा के समतुल्य या उससे उच्चतर किसी अन्य परीक्षा में हिंदी को एक वैकल्पिक (इलेक्टिव) विषय के रूप में लिया था ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

70. Which of the following procedures should be followed in respect of circulation of Government amendments to Bills referred to and under consideration in a select or joint committee of the Lok/Rajya Sabha ?

1. Thirty copies of the proposed amendments should be sent to the Lok/Rajya Sabha Secretariat at least a day before the date of the meeting at which the amendments are to be moved.
2. The Lok/Rajya Sabha Secretariat will circulate the approved amendment after putting them in proper form to the Members of the Committee.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

71. Consider the following statements regarding the Committee of Parliament on Official Language :

1. The Committee shall consist of fifteen members, of whom ten shall be members of the House of the People and five shall be members of the Council of States, to be elected respectively by the members of the House of the People and the members of the Council of States in accordance with the system of proportional representation by means of the single transferable vote.
2. It shall be the duty of the Committee to review the progress made in the use of Hindi for the official purpose of the Union and submit a report to the President making recommendations thereon and the President shall cause the report to be laid before each House of Parliament and sent to all the State Governments.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

72. Consider the following statements regarding communications between Central Government Offices :

1. Communications between one Ministry or Department of the Central Government and another may be in Hindi or in English.
2. Communications between Central Government offices situated in Region B, or Region C may be in Hindi only.
3. Communications by Central Government offices situated in Region A, Region B or Region C may be in Hindi or in English.

Which of the above statements are correct ?

(a) 1 and 2 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

73. Consider the following statements :

An employee shall be deemed to possess proficiency in Hindi if :

1. he has passed the Matriculation or any equivalent or higher examination with Hindi as the medium of examination.
2. he has taken Hindi as an elective subject in the degree examination or any other examination equivalent to or higher than the degree examination .

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

**74.** राजभाषा नीति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारतीय प्रशासनिक सेवा और अन्य अखिल भारतीय सेवाओं के अधिकारियों को लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में उनके प्रशिक्षण के दौरान हिंदी में अनिवार्य प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि वे शासकीय कार्य में इसका उपयोग कर सकें ।
2. यह मंत्रालयों/विभागों/कार्यालयों/उपक्रमों के वरिष्ठ अधिकारियों का संवैधानिक दायित्व है कि वे अपने शासकीय कार्यों में हिंदी का सतत प्रयोग करें ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**75.** प्रधान मंत्री की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय हिंदी समिति की 23वीं बैठक में चर्चा की गई थी कि अखिल भारतीय प्रशासनिक और अन्य सेवाओं के अधिकारी, जो 'क' क्षेत्र के सेवा संवर्ग से हैं या जिन्होंने इन राज्यों में काम किया है, उनकी केंद्र सरकार के कार्यालयों में नियुक्ति/प्रतिनियुक्ति पर तैनाती किए जाने पर उनसे हिंदी में कार्य करने का अनुरोध किया जाना चाहिए । यह बैठक किस तिथि को हुई थी ?

(a) 24 जुलाई, 1993

(b) 24 जुलाई, 1994

(c) 14 जून, 1993

(d) 14 जून, 1994

**76.** एक वर्ष में हिंदी सलाहकार समिति की कितनी बैठकें आयोजित की जानी चाहिए ?

(a) कम-से-कम बारह

(b) कम-से-कम आठ

(c) कम-से-कम छह

(d) कम-से-कम चार

**77.** O.M. No. II/20015/2000-O.L.(P-2), दिनांक 31-05-2000 के अनुसार विविध मंत्रालयों/विभागों की हिंदी सलाहकार समितियों में संबंधित मंत्रालयों/विभागों द्वारा ग़ैर-सरकारी सदस्यों के रूप में कितने हिंदी और राजभाषा के विद्वानों को नामित किया जाता है ?

(a) दो

(b) तीन

(c) चार

(d) पाँच

**78.** संसदीय राजभाषा समिति ने क्या सिफारिश की है ?

(a) विभिन्न सरकारी कार्यालयों में उपलब्ध सभी कम्प्यूटरों में देवनागरी टर्मिनल लगाए जाने चाहिए, जिनमें केवल एरियल (Arial) में कार्य करने की सुविधा हो ।

(b) विभिन्न सरकारी कार्यालयों में उपलब्ध सभी कम्प्यूटरों में हिंदी टर्मिनल लगाए जाने चाहिए, जिनमें केवल कैलिबरी (Calibri) में कार्य करने की सुविधा हो ।

(c) विभिन्न सरकारी कार्यालयों में उपलब्ध सभी कम्प्यूटरों में हिंदी टर्मिनल लगाए जाने चाहिए, जिनमें केवल रोमन (Roman) में कार्य करने की सुविधा हो ।

(d) विभिन्न सरकारी कार्यालयों में उपलब्ध सभी कम्प्यूटरों में देवनागरी टर्मिनल लगाए जाने चाहिए, जिनमें केवल रोमन (Roman) में कार्य करने की सुविधा हो ।

**74.** Consider the following statements regarding official language policy :

1. The officers of IAS and other all India services are imparted compulsory training in Hindi during their training in Lal Bahadur Shastri National Academy of Administration, Mussoorie so that they could make use of it in official work.
2. It is the Constitutional obligation of senior officials of Ministries/ Departments/Offices/Undertakings to make increasing use of Hindi in their official work.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**75.** The officers of All India Administrative and other services, who are from service cadres of States in region 'A' or have otherwise worked in these States, should be requested to work in Hindi when they are posted to Central Government offices on their appointment/deputation was discussed in the 23rd meeting of the Kendriya Hindi Samiti held under the chairmanship of the Prime Minister on

(a) 24th July, 1993

(b) 24th July, 1994

(c) 14th July, 1993

(d) 14th July, 1994

**76.** How many meetings of Hindi Advisory Committee should be held in a year ?

(a) Minimum twelve

(b) Minimum eight

(c) Minimum six

(d) Minimum four

**77.** In Hindi Salahkar Samitis of the various Ministries/Departments, how many scholars of Hindi and Official Language are nominated as Non-Official Members by the respective Ministries/Departments vide O.M. No. II/20015/2000-O.L. (P-2), dated 31-05-2000 ?

(a) Two

(b) Three

(c) Four

(d) Five

**78.** The Committee of Parliament on Official Language has recommended that

(a) the Devanagari terminals should be installed with all the computers available in different Government offices, which have the facility of working in Arial only

(b) the Hindi terminals should be installed with all the computers available in different Government offices, which have the facility of working in Calibri only

(c) the Hindi terminals should be installed with all the computers available in different Government offices, which have the facility of working in Roman only

(d) the Devanagari terminals should be installed with all the computers available in different Government offices, which have the facility of working in Roman only

**79.** निम्नलिखित में से किस नियम के अधीन, प्रत्येक केंद्रीय सरकारी कार्यालय के प्रशासनिक प्रमुख का उत्तरदायित्व है कि राजभाषा अधिनियम और राजभाषा नियम के अंतर्गत जारी निदेशों का समुचित अनुपालन सुनिश्चित करे ?

(a) राजभाषा नियम, 1976 का नियम 14

(b) राजभाषा नियम, 1976 का नियम 12

(c) राजभाषा नियम, 1974 का नियम 12

(d) राजभाषा नियम, 1974 का नियम 14

**80.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

संसदीय राजभाषा समिति ने सिफारिश की है कि :

1. विधि के क्षेत्र में, मसौदा मूल रूप से अंग्रेजी में तैयार किया जाए ताकि हिंदी में अधिनियमित विधि का निर्वचन (इंटरप्रेट) हिंदी में किया जाए और निर्णय हिंदी में लिखे जाए ।
2. भविष्य में सभी नई संहिताओं (कोड), नियम-पुस्तकों (मैनुअल) आदि मूल रूप से हिंदी में तैयार किए जाने चाहिए ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**81.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. रेल सेवक से अभिप्रेत उस व्यक्ति से है जो किसी सेवा का सदस्य है या जो रेलवे बोर्ड के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन कोई पद धारण करता है और इसमें रेलवे बोर्ड में कोई पद शामिल है ।
2. ऐसी सेवा या पद से, जो रेलवे बोर्ड के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन नहीं है, किसी सेवा या पद पर, जो इस तरह के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन है, उधार दिए गए व्यक्ति (पर्सन लेंट) इसके दायरे में आते हैं ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**82.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

प्रत्येक रेल सेवक हर समय :

1. पूर्ण सत्यनिष्ठा बनाए रखेगा ।
2. कर्तव्य के प्रति समर्पण बनाए रखेगा ।
3. ऐसा कुछ भी नहीं करेगा जो रेल सेवक के लिए अशोभनीय हो ।
4. राजनीतिक तटस्थता बनाए रखेगा ।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(a) केवल 1, 2 और 3

(b) केवल 2, 3 और 4

(c) केवल 1, 2 और 4

(d) 1, 2, 3 और 4

**79.** Under which one of the following rules, is it the responsibility of the administrative head of every Central Government Office to ensure proper compliance of the directions issued under the Official Language Act and the Official Language Rules ?

(a) Rule 14 of the Official Language Rules, 1976

(b) Rule 12 of the Official Language Rules, 1976

(c) Rule 12 of the Official Language Rules, 1974

(d) Rule 14 of the Official Language Rules, 1974

**80.** Consider the following statements :

The Committee of Parliament on Official Language has recommended that

1. in the field of law, original drafting should be done in English so that laws enacted in Hindi are interpreted in Hindi and decisions are written in Hindi .

2. in future all new codes, manuals, etc. should be prepared originally in Hindi .

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**81.** Consider the following statements :

1. Railway servant means a person who is a member of a service or holds a post under the administrative control of the Railway Board and includes a post in the Railway Board.

2. Persons lent from a service or post which is not under the administrative control of the Railway Board to a Service or post which is under such administrative control come within the scope.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**82.** Consider the following statements :

Every Railway servant shall at all times :

1. maintain absolute integrity.

2. maintain devotion to duty.

3. do nothing which is unbecoming of a railway servant.

4. maintain political neutrality.

Which of the above statements are correct ?

(a) 1, 2 and 3 only

(b) 2, 3 and 4 only

(c) 1, 2 and 4 only

(d) 1, 2, 3 and 4

**83.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. वरिष्ठ अधिकारी का निदेश सामान्यत: लिखित रूप में होगा, और जहाँ मौखिक निदेश देना अपरिहार्य हो जाता है, आधिकारिक वरिष्ठ अधिकारी इसके तुरंत बाद लिखित रूप में इसकी पुष्टि करेगा ।
2. कोई भी रेल सेवक, अपने आधिकारिक कर्तव्यों के पालन में, या उसे प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में, अपने सर्वोत्तम निर्णय के अलावा अन्य कार्य नहीं करेगा, सिवाय इसके कि जब वह अपने आधिकारिक वरिष्ठ अधिकारी के निदेश के अधीन कार्य कर रहा हो ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

**84.** सरकार की नीतियों का पालन करने के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

प्रत्येक रेल सेवक, हर समय

1. विवाह की आयु, पर्यावरण के संरक्षण (प्रिजर्वेशन), वन्य जीवन और सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा (प्रोटेक्शन) के संबंध में सरकार की नीतियों के अनुसार कार्य करेगा ।
2. महिलाओं के प्रति अपराध की रोकथाम के संबंध में सरकार की नीतियों का पालन करेगा ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

**85.** सरकारी संरक्षण प्राप्त कंपनी या फर्म में रेल सेवकों के निकट संबंधियों के नियोजन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. कोई भी रेल सेवक अपने परिवार के किसी सदस्य को किसी कंपनी या फर्म में रोजगार प्राप्त करने के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अपने पद या प्रभाव का उपयोग नहीं करेगा ।
2. कोई भी समूह 'क' (ग्रुप 'ए') अधिकारी, सरकार की पूर्व मंजूरी के बिना, अपने पुत्र, पुत्री या अन्य आश्रित को किसी भी कंपनी या फर्म में रोजगार स्वीकार करने की अनुमति नहीं देगा, जिसके साथ उसका आधिकारिक व्यवहार है या किसी अन्य कंपनी या फर्म में रोजगार के लिए अनुमति नहीं देगा, जिसका सरकार के साथ आधिकारिक व्यवहार है ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

**86.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. कोई भी रेल सेवक राजनीति में भाग लेने वाले किसी भी राजनीतिक दल या संगठन का सदस्य नहीं होगा या अन्यथा उससे जुड़ा नहीं होगा और न ही वह किसी राजनीतिक आंदोलन या कार्यकलाप में भाग लेगा, उसकी सहायता में सदस्यता नहीं लेगा या किसी अन्य तरीके से सहायता नहीं करेगा ।
2. कोई भी रेल सेवक किसी विधान मंडल या स्थानीय प्राधिकरण के चुनाव के संबंध में प्रचार नहीं करेगा, अन्यथा हस्तक्षेप नहीं करेगा, या अपने प्रभाव का उपयोग नहीं करेगा या उसमें भाग नहीं लेगा ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

**83.** Consider the following statements :

1. The direction of the official superior shall ordinarily be in writing, and where the issue of oral direction becomes unavoidable, the official superior shall confirm it in writing immediately thereafter.
2. No Railway servant shall, in the performance of his official duties, or in the exercies of powers conferred on him, act otherwise than in his best judgment except when he is acting under the direction of his official superior.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

**84.** Consider the following statements regarding the observance of Government's policies :

Every Railway servant shall, at all times :

